24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 23 मार्च 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 305


# किसानों को नहीं मिलेगी कर्ज माफी, केंद्र का साफ दिया इनकार राजस्थान पर 1.92 लाख करोड़ का बोझ




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने किसानों की पूर्ण कर्ज माफी को लेकर स्पष्ट रुख अपनाते हुए इसे खारिज कर दिया है। लोकसभा में आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल के सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसानों के कर्ज माफी के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। सरकार की ओर से साझा आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 तक राजस्थान के किसानों पर कुल 1 लाख 92 हजार 293 करोड़ रुपए का कर्ज बकाया है। इसमें कॉमर्शियल बैंकों का सबसे बड़ा हिस्सा 1 लाख 44 हजार 192 करोड़ रुपए का है, जबकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का 30,069 करोड़ और सहकारी बैंकों का 18,032 करोड़ रुपए बकाया है। पिछले तीन वर्षों में किसानों का कर्ज करीब 15 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ा है। देशभर की बात करें तो किसानों पर कुल 31.34 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बकाया है। इस आंकड़े में राजस्थान की हिस्सेदारी करीब 6 प्रतिशत है और कर्ज के मामले में राज्य देश में छठे स्थान पर है। सबसे अधिक कर्ज तमिलनाडु के किसानों पर 5.06 लाख करोड़ रुपए है, इसके बाद आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का स्थान है। केंद्र सरकार ने यह भी बताया कि किसानों को कर्ज वितरण का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। अल्पकालीन कृषि ऋण की सीमा 1.60 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दी गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के जरिए किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। राजस्थान में कर्ज वितरण के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022-23 में 1,41,612 करोड़, 2023-24 में 1,53,593 करोड़ और 2024-25 में 1,68,545 करोड़ रुपए के कृषि ऋण बांटे गए, जो हर साल बढ़ते कर्ज के दबाव को दर्शाते हैं।

# ईरान जंग पर मोदी बोले- असर लंबा रह सकता है:हमें तैयार रहना होगा, कोरोना में भी ऐसा संकट झेल चुके, एकजुटता हमारी पहचान

24 न्यूज अपडेट



पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा।

PM ने कहा- हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धैर्य के साथ, संयम के साथ, शांत मन से हमें हर चुनौती का मुकाबला करना है। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है।

पीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

PM मोदी ने संसद में युद्ध को लेकर देश का स्टेंड पर भी बात की। उन्होंने कहा तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

# गंगु कुंड से निकली राजमाली समाज की भव्य गणगौर सवारी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में गणगौर उत्सव की धूम के बीच राजमाली समाज की ओर से गंगु कुंड से विशाल और आकर्षक गणगौर सवारी निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा, सजी-धजी झांकियों और लोकगीतों के साथ निकली इस सवारी ने पूरे मार्ग में उत्सव का माहौल बना दिया। सवारी में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं, जिन्होंने गणगौर माता के गीत गाते हुए श्रद्धा और उल्लास का परिचय दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने सवारी का स्वागत किया। समापन कालका माता मंदिर में हुआ, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भव्य आरती आयोजित की गई। मंदिर परिसर 'जय गणगौर माता' के जयकारों से गूंज उठा।


# भजन संध्या में नाचते-नाचते व्यापारी की मौत, हार्ट अटैक से गई जान



24 न्यूज अपडेट

पाली। जिले के गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र के कानेलाव गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान दुखद घटना सामने आई। छोटे भाई के मकान के मुहूर्त से पहले आयोजित भजन संध्या में नाच रहे 45 वर्षीय व्यापारी मिश्रीलाल सीरवी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मिश्रीलाल मुंबई के गोरेगांव में जनरल स्टोर संचालित करते थे और अपने छोटे भाई रूपाराम के मकान के मुहूर्त कार्यक्रम में शामिल होने 22 मार्च को गांव आए थे। उसी रात भजन संध्या का आयोजन किया गया था। परिजनों ने बताया कि रात करीब 12 बजे मिश्रीलाल भजन पर नाच रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे नाचते-नाचते नीचे बैठ गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें अचेत अवस्था में पहले गुंदोज अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें पाली के बांगड़ अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक सामने आया है। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक की लहर है।

# अविमुक्तेश्वरानंद ने किया 'चतुरंगिणी सेना' का शंखनाद, 2.18 लाख स्वयंसेवक, पहले टोको, फिर रोको, अंत में ठोको नीति पर करेंगे काम



24 न्यूज अपडेट

वाराणसी। धार्मिक-सामाजिक विमर्श के बीच सोमवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 'चतुरंगिणी सेना' के गठन का ऐलान कर नई बहस छेड़ दी। प्रस्तावित ढांचे के मुताबिक इस संगठन में 2 लाख 18 हजार 700 स्वयंसेवक शामिल किए जाएंगे, जो देशभर से भर्ती होंगे।

शंकराचार्य ने बताया कि इस सेना का दायरा गोरक्षा, धर्म रक्षा, शास्त्र संरक्षण और मंदिरों की सुरक्षा तक रहेगा। सदस्यों के लिए पीले रंग की वर्दी निर्धारित की गई है, जबकि हाथ में परशु (फरसा) रखने की बात भी कही गई है। इस पहल को संस्थागत रूप देने के लिए 'श्रीशंकराचार्य चतुरंगिणी सभा' का गठन किया गया है, जिसमें 27 सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता स्वयं शंकराचार्य करेंगे।

## कार्यप्रणाली: "पहले टोको, फिर रोको, अंत में ठोको"

सेना की कार्यशैली स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद की स्थिति में पहले समझाइश दी जाएगी। "पहले टोको—गलत को बताओ, फिर रोको—रोकने का प्रयास करो, और यदि बात न बने तो 'ठोको'—जिसका अर्थ हिंसा नहीं, बल्कि कानूनी कार्रवाई, शिकायत और पंचायत जैसे संवैधानिक उपाय हैं," उन्होंने स्पष्ट किया।

## संगठन का गणित: हर जिले में टीमें

घोषित ढांचे के अनुसार एक 'पत्ती' (टीम) में 10 सदस्य होंगे। इस तरह 21,870 टीमें बनाकर लक्ष्य संख्या हासिल करने की योजना है। देश के करीब 800 जिलों में यदि प्रत्येक जिले से 27 टीमें (270 लोग) तैयार होते हैं, तो कुल संख्या दो लाख से अधिक हो जाएगी।


## धार्मिक स्थलों पर प्रवेश को लेकर बयान

धार्मिक परिसरों में अन्य धर्मों के प्रवेश पर उन्होंने कहा कि जैसे मक्का-मदीना में बाहरी लोगों पर प्रतिबंध है, वैसे ही अन्य धर्मस्थलों की पवित्रता बनाए रखने का अधिकार भी संबंधित समुदायों को होना चाहिए।

## पृष्ठभूमि: अखाड़ों से दूरी और नई पहल

चतुरंगिणी सेना की घोषणा को हालिया घटनाक्रमों से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रयागराज के माघ मेले में संगम स्नान के दौरान हुए विवाद और उसके बाद अखाड़ों के समर्थन के अभाव ने शंकराचार्य और पारंपरिक संत संगठनों के बीच दूरी को उजागर किया था। इतिहास के संदर्भ में उन्होंने आठवीं सदी में आदि शंकराचार्य द्वारा अखाड़ों की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में भी धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए साधु-संतों को संगठित किया गया था। हालांकि, 1954 में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के गठन के बाद इन संस्थाओं की कमान परिषद के हाथ में केंद्रित हो गई। हाल के महीनों में 'गो-प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' यात्रा और साधु समाज में कथित मतभेदों के बीच यह नई घोषणा सामने आई है, जिसे धार्मिक नेतृत्व के भीतर बदलते समीकरणों के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है।

# तीन दिन में सोना 5,890 और चांदी 8,850 रूपए गिरी, बाजार में ठंडा रुख



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्राफा बाजार में पिछले तीन दिनों के भीतर सोना और चांदी के दामों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। 20 मार्च से 23 मार्च के बीच बाजार की चाल ढलान पर रही, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ निवेशकों ने भी सतर्क रुख अपना लिया है। सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार 20 मार्च को चांदी टंच 2,29,550 रुपए प्रति किलो थी, जो 21 मार्च को घटकर 2,22,750 रुपए और 23 मार्च को 2,20,700 रुपए पर पहुंच गई। इसी तरह चांदी चौरसा 2,28,150 रुपए से गिरकर 2,21,400 और फिर 2,19,400 रुपए रह गई।

सोने के दामों में भी समान रुझान देखने को मिला। सोना स्टैंडर्ड (999) 20 मार्च को 1,47,150 रुपए था, जो 21 मार्च को 1,44,660 और 23 मार्च को घटकर 1,41,260 रुपए पर आ गया। सोना जेवराती (23 कैरेट) 1,41,265 से गिरकर 1,38,875 और फिर 1,35,610 रुपए पर पहुंचा, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,380 रुपए से घटकर 1,33,080 और फिर 1,29,960 रुपए रह गया। सभी दरों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त लागू है।

बाजार जानकारों का कहना है कि होली के बाद मांग में आई कमी और अंतरराष्ट्रीय संकेतों के चलते यह गिरावट देखने को मिल रही है। खरीदार फिलहाल और गिरावट की उम्मीद में खरीद टाल रहे हैं, जबकि व्यापारी बाजार की दिशा को लेकर सतर्क बने हुए हैं। आगामी शादी-विवाह सीजन से पहले यह गिरावट ग्राहकों के लिए राहत जरूर ला सकती है, लेकिन निवेश के लिहाज से बाजार फिलहाल 'इंतजार और नजर' की स्थिति में नजर आ रहा है।

# सेंसेक्स 1837 अंक गिरकर 72,696 पर बंद:निफ्टी भी 602 अंक टूटा, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही




24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 23 मार्च को बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 1837 अंक (2.46%) की गिरावट के साथ 72,696 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 602 अंक (2.60%) की गिरावट रही, ये 22,513 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, ऑटो, मेटल और FMCG शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही।





समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmail.com

## संपादकीय : आशंका के आगे

पश्चिम एशिया में ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद दिनोंदिन हालात जटिल होते जा रहे हैं। साफ है कि युद्ध का प्रत्यक्ष असर भले ही हमले की जद में आए देशों में पड़ रहा हो, लेकिन इसकी वजह से अब दूसरे वैसे देश भी प्रभावित होने लगे हैं, जो अपनी कई जरूरतों के लिए मध्यपूर्व के देशों पर कम या ज्यादा निर्भर हैं। उदाहरण के तौर पर ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से उस रास्ते से तेल और गैस लेकर जाने वाले लगभग सभी देशों के जहाजों का भी रास्ता बंद है। कुछ खास स्थितियों में आंशिक इजाजत दी जा रही है, लेकिन उसके सहारे आने वाले दिनों के व्यापक संकट को लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता है। तेल और गैस की आपूर्ति में भारी कमी की वजह से उपजे मुश्किल से निपटने के लिए भारत ने रूस सहित अन्य विकल्पों की ओर रुख किया है, मगर इससे स्थितियों को सामान्य बनाने में सीमित मदद ही मिलेगी। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच भारत में भी शुक्रवार को उच्च श्रेणी के पेट्रोल में करीब दो रुपए और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाले डीजल में बाईस रुपए की बढ़ोतरी की गई। हालांकि सामान्य पेट्रोल और डीजल की मौजूदा कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि आने वाले कितने दिनों तक इनके दाम स्थिर रहेंगे। मसलन, अगर भारी उद्योगों और बड़ी मशीनों के संचालन में इस्तेमाल में आने वाले औद्योगिक डीजल की कीमतों में खासी बढ़ोतरी हुई है, तो इसका प्रभाव उत्पादन की लागत पर पड़ेगा। ऐसे में जब औद्योगिक कंपनियों के मुनाफे में कमी आएगी, तो स्वाभाविक रूप से इसके असर से कई अन्य सामान महंगे हो सकते हैं। रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने के कारण लोगों को पहले ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आम उपयोग के पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होती है तो यह कोई हैरानी की बात नहीं होगी। इसके बाद इसका असर माल ढुलाई पर पड़ेगा और बाजार में खाने-पीने की चीजों की महंगाई भी बढ़ सकती है। दरअसल, भारत अपनी जरूरत के कच्चे तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर है। जब से ईरान और इजराइल - अमेरिका के बीच युद्ध की शुरुआत हुई है, उसके बाद भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में वहां से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। एक ओर प्रभावित देशों की ओर से यह उम्मीद की जा रही है कि किसी भी हाल में वार्ता के जरिए समस्या का हल निकाला जाए और युद्ध रुके, ताकि प्रभावित देशों में स्थिति और ज्यादा न बिगड़े। दूसरी ओर, हालत यह है कि अब युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से बड़े पैमाने पर तेल ठिकानों को भी निशाना बनाया जाने लगा है और व्यापक तबाही सामने आ रही है। जाहिर है, इससे सीधे तौर पर मध्यपूर्व के देशों से अन्य देशों के लिए तेल और गैस की आपूर्ति ठप पड़ेगी तथा इससे संकट का दायरा और विस्तृत होगा। भारत के सामने जो हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें सरकार को हर स्तर पर कूटनीतिक पहल करके कच्चे तेल और रसोई गैस की आपूर्ति का रास्ता तैयार करने को प्राथमिकता देने की जरूरत है। अगर इस मोर्चे पर टालमटोल का रुख अख्तियार किया गया, तो आने वाले दिनों में संकट का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## साझेदारी का रिश्ता

भारतीय परिवारों में महिलाएं ही घरेलू कामकाज संभालती आई हैं। आमतौर पर पति उनका हाथ नहीं बंटाते, दुहाई परंपरा हो या फिर अपने काम और परिश्रम की । इस बहाने प्रकारांतर से महिलाओं की गरिमा और उनके श्रम की जिस तरह उपेक्षा होती आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए विचार का विषय होना चाहिए। सच यह है कि घर में भी कामकाज का दायरा काफी बड़ा होता है और उसे अकेले गृहिणी के भरोसे छोड़ देना उचित नहीं है। घरेलू काम को मिल- बांट कर करने से न केवल काम का बोझ हल्का होता है, बल्कि इससे एक दूसरे के प्रति सम्मान बढ़ जाता है और पत्नी को समानता का अहसास होता है। इस आदर्श स्थिति से पूरा परिवार एकजुट महसूस करता है, लेकिन ऐसी स्थिति कम ही दिखाई देती है। यह दुखद ही है कि घरेलू कामकाज से लेकर खाने तक में कमियां निकालने की शिकायतें कई बार विवाद की वजह बन जाती हैं और कभी-कभी मामला अदालत तक पहुंच जाता है। ऐसे ही एक मामले में तलाक मांग रहे पति से शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि पतियों को भी घर के कामकाज की जिम्मेदारी उठानी चाहिए, क्योंकि आपने घरेलू सहायिका से नहीं, जीवन संगिनी से शादी की है। इसमें कोई दोराय नहीं कि घर में खाना पकाना हो या साफ-सफाई करना हो, अगर पति-पत्नी की भागीदारी हो, तो इससे परस्पर समानता और सम्मान का भाव पैदा होता है। इसकी अहमियत केवल काम में सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला के व्यक्तित्व और उसकी अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है कि उसका विवाह पति के घर के सारे काम अकेले निपटाने के लिए नहीं हुआ है। बल्कि उसके व्यक्तित्व का सम्मान किया जाता है, उसे महत्त्व दिया जाता है। इससे एक नया आत्मविश्वास पैदा होता है, जो एक घर और परिवार के बीच संवेदना की कड़ियों को और मजबूत करता है। इसका एक जरूरी पहलू यह है कि जब घर के बच्चे अपने माता- पिता को मिल कर घरेलू कामकाज निपटाते देखेंगे, तो उनके भीतर भी स्त्री-पुरुष समानता के पाठ का प्रशिक्षण होगा। किसी घर में इस तरह के माहौल और कामकाज में बराबरी की सहभागिता लोगों को मानवीय संवेदनाओं से लैस करेगी और समाज को ज्यादा मानवीय बनाएगी।

# होली के रंग में सियासी संगम, सागवाड़ा में कांग्रेस ने भरी चुनावी हुंकार




24 न्यूज़ अपडेट

सागवाड़ा (जयदीपजोशी)। नगर के समीप मोरन नदी तट स्थित खड़गदा श्री क्षेत्रपाल मंदिर परिसर में रविवार को कांग्रेस का होली मिलन समारोह राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में बदल गया। कार्यक्रम में नेताओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं से गांव-ढाणी तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने और आगामी पंचायतराज चुनाव में जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

समारोह में दिनेश खोडनिया (एआईसीसी सदस्य) मुख्य अतिथि रहे, जबकि असरार अहमद ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में प्रियकांत पण्ड्या, कैलाश रोत (सागवाड़ा), राकेश रोत (आसपुर), नरेंद्र खोडनिया, धीरज मेहता, लोकेश पाटीदार, ललित पंचाल, नानूभाई मकवाना, आशा डिंडोर, मनोज लबाना और खातुराम बागडिया शामिल रहे। सुबह 9 बजे से पंजीयन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में लंबे समय बाद कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। करीब दो हजार कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में आयोजन पूरी तरह चुनावी माहौल में नजर आया।

मुख्य अतिथि दिनेश खोडनिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं के जोश से साफ है कि सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार फिर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर भाजपा सरकार की नीतियों और कथित विफलताओं को उजागर करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। "कांग्रेस एक परिवार है, इसे मजबूत रखना ही जीत का रास्ता है," उन्होंने कहा। साथ ही पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए भाजपा पर योजनाओं को बंद करने के आरोप लगाए।

समारोह में सुरेश पाटीदार, सुरेश जोशी, मनोहर सिंह नोलियावाडा, हिरालाल पटेल, रविशंकर भट्ट, शशिकांत पुरोहित, मणिलाल जोशी, देवीलाल फलोत, कालिया भाई, लालशंकर पाटीदार, गजेंद्र सिंह, मनोज त्रिवेदी, प्रवीण पाटीदार, पुष्पराज सिंह, गिरवर सिंह झौसवा, कांतिलाल सारगिया, आकाश शाह, हरीश अहारी, नानूलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लकड़ी के चूल्हे पर बना खाना लेकर दिल्ली रवाना हुए माकपा कार्यकर्ता, 'जन आक्रोश रैली' में होंगे शामिल



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 23 मार्च 2026। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) के कार्यकर्ता 24 मार्च को दिल्ली में होने वाली जन आक्रोश रैली में भाग लेने के लिए अनोखे अंदाज में रवाना हुए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपना भोजन स्वयं तैयार कर साथ लेकर यात्रा शुरू की। माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने अपने संसाधनों से ही भोजन की व्यवस्था की। गैस की कमी के चलते खाना लकड़ी के चूल्हे पर पकाना पड़ा, जिसमें पार्टी नेता एवं पूर्व सरपंच लालूराम खैर सहित महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं ने मिलकर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि जहां अन्य राजनीतिक दलों की रैलियों में भारी खर्च होता है, वहीं माकपा के कार्यकर्ता आज भी अपने दम पर और सीमित संसाधनों में आंदोलन को आगे बढ़ाते हैं।

सिंघवी ने बताया कि गैस की किल्लत के कारण आमजन भी परेशान हैं, कई जगह होटल और दुकानें प्रभावित हुई हैं, इसके बावजूद माकपा कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को उठाने के लिए दिल्ली रवाना हुए हैं। पार्टी के अनुसार, यह रैली महंगाई, बेरोजगारी और अन्य जन समस्याओं के विरोध में आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## राज्यपाल से मिले पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक, आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 23 मार्च 2026। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक डॉ. अश्विन दलवी ने सोमवार को जयपुर स्थित राजभवन में हरिभाऊ किसनराव बागड़े से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान निदेशक दलवी ने केन्द्र की वर्तमान गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश में सांस्कृतिक गतिविधियों को और व्यापक बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल बागड़े ने केन्द्र की पहल की सराहना करते हुए भावी योजनाओं के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के प्रयासों को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

## रोबोटिक सर्जरी में नई ऊंचाई, पारस हेल्थ उदयपुर ने 1600 से ज्यादा नी रिप्लेसमेंट का बनाया रिकॉर्ड




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक के क्षेत्र में पारस हेल्थ उदयपुर ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मात्र दो वर्षों में 1600 से अधिक रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में अस्पताल ने 'UDAI' नामक विशेष पहल का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीप्ति किरण माहेश्वरी (विधायक, राजसमंद) उपस्थित रहीं। इस पहल के जरिए जॉइंट रिप्लेसमेंट में रोबोटिक-असिस्टेड तकनीक के बढ़ते उपयोग और सर्जरी की सटीकता व बेहतर परिणामों में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, पिछले दो वर्षों में 1600 से अधिक रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के साथ-साथ बीते 12 वर्षों में 13,000 से ज्यादा जॉइंट रिप्लेसमेंट किए जा चुके हैं, जो संस्थान की विशेषज्ञता और अनुभव को दर्शाते हैं।

रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. आशीष सिंघल ने बताया कि रोबोटिक तकनीक ने घुटना प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को पूरी तरह बदल दिया है। इससे सर्जरी की योजना और क्रियान्वयन में अधिक सटीकता आती है, इम्प्लांट की सही पोजिशनिंग संभव होती है और मरीजों को लंबे समय तक बेहतर परिणाम मिलते हैं। वहीं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. प्रसून कुमार ने कहा कि रोबोट-असिस्टेड सर्जरी का तेजी से बढ़ता उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक आधारित बदलाव को दर्शाता है। इससे सर्जिकल स्टैंडर्ड बेहतर हो रहे हैं और मरीजों को तेजी से रिकवरी का लाभ मिल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऑर्थोपेडिक क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे जटिल घुटना समस्याओं वाले मरीजों को अधिक सटीक और भरोसेमंद इलाज मिल रहा है। पारस हेल्थ उदयपुर इस दिशा में आधुनिक तकनीक और क्लिनिकल विशेषज्ञता के समन्वय से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

## डोडाचूरा तस्करों ने पुलिस पर बरसाईं गोलियां, 15 राउंड फायरिंग के बाद जंगल में गाड़ी छोड़ फरार



24 न्यूज़ अपडेट


प्रतापगढ़। जिले के धरियावद थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करों और पुलिस के बीच देर रात मुठभेड़ जैसे हालात बन गए। पीछा कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों ने करीब 15 राउंड फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई के बाद आरोपी पिकअप वाहन को जंगल में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत का डोडाचूरा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसपी बी. आदित्य ने बताया कि 22 मार्च को डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध पिकअप वाहन धमोतर से धरियावद की ओर आ रहा है। सूचना पर थानाधिकारी हजारीलाल और डीएसटी प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने पाचागुड़ा स्थित एक रिसॉर्ट के पास नाकाबंदी कर दी। सोमवार तड़के करीब 4 बजे बांसी की ओर से आ रही पिकअप को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसमें सवार दो युवकों ने पिस्टल दिखाते हुए नाकाबंदी तोड़ दी और वाहन को जंगल में आरामपुरा के जंगल की ओर दौड़ा दिया। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। करीब 15 राउंड गोलियां चलने के बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसके बाद आरोपी वाहन को करीब 10 किलोमीटर अंदर जंगल में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। घटना के बाद आरपीएस शक्ति दायमा, क्यूआरटी और डीएसटी टीमों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें 38 कट्टों में भरा 762 किलो 150 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 14 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है। साथ ही एक जिंदा कारतूस भी मिला है।

## कुलदेवी धाम पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पर पुजारियों व गुंडा तत्वों का हमला, दाधीच समाज में आक्रोश



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। नागौर स्थित श्री दधिमथी माताजी मंदिर में नवरात्र मेले के दौरान कथित हमले की घटना ने दाधीच समाज में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। इस मामले को लेकर उदयपुर के महर्षि दधीचि सेवा संस्थान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर के जरिए ज्ञापन सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। संस्थान द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 19 मार्च 2026 को मेले के दौरान अखिल भारत वर्षीय दाधीच ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दाधीच पर हमला किया गया। आरोप है कि मंदिर परिसर में कब्जा जमाए बैठे पुजारी परिवार ने पूर्व नियोजित तरीके से उनके साथ न केवल गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया, बल्कि मारपीट कर जानलेवा हमला किया, जिससे उनके कपड़े तक फट गए। संस्थान का कहना है कि यह घटना किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे पूरे दाधीच समाज की आस्था और उनकी कुलदेवी के पवित्र स्थल के सम्मान पर आघात के रूप में देखा जा रहा है। घटना के बाद देशभर में समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो समाज व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन पर होगी।



# ईडाणा माता मंदिर बड़गांव में 'अग्नि स्नान'

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। उदयपुर के बड़गांव स्थित ईडाणा माता मंदिर में एक बार फिर आस्था और श्रद्धा का अनोखा नज़ारा देखने को मिला, जब माता के दरबार में "अग्नि स्नान" की घटना ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर परिसर में अचानक माता की प्रतिमा के आसपास आग प्रज्वलित हो उठी और देखते ही देखते लपटें 10 से 15 फीट तक ऊंची उठने लगीं। खास बात यह रही कि इस अग्नि में केवल चढ़ावे की चुनर, धागे और अन्य सामग्री ही भस्म हुई, जबकि माता की प्रतिमा को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आसपास के गांवों और उदयपुर शहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच गए। पूरा परिसर 'जय माता दी' और 'ईडाणा माता की जय' के जयकारों से गूंज उठा। नवरात्र के दौरान इस घटना को विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है।

## नाबालिग पर कार सवार युवकों का हमला, बेल्ट-डंडों से पीटा; CCTV खंगाल रही पुलिस

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के नाई थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ घूमने गए 17 वर्षीय नाबालिग के साथ कार सवार युवकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। घटना रविवार रात करीब 9:30 बजे शिल्पग्राम-बड़ी रोड स्थित आरके फोर्ट के पास की है, जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार नाबालिग अपने दोस्तों के साथ घूमने गया था और सभी आपस में सेल्फी ले रहे थे। इसी दौरान एक युवक डंडा लेकर उनकी ओर दौड़ा, जिससे घबराकर सभी बच्चे भागने लगे। तभी एक अन्य कार सवार युवक ने रास्ता रोक लिया और बच्चों को डराने-धमकाने लगा। इस बीच नाबालिग को पकड़ लिया गया, जबकि उसके बाकी दोस्त मौके से भाग निकले। आरोप है कि युवकों ने नाबालिग के साथ बेल्ट, डंडे और लात-घूसों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके चेहरे, सिर, पीठ और छाती पर गंभीर चोटें आईं। साथ ही दोबारा उस क्षेत्र में आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल किशोर किसी तरह घर पहुंचा, जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए और फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश जारी है।




## स्कूल के पास धूम्रपान करते युवक पर कार्रवाई, धानमंडी पुलिस ने काटा चालान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। धानमण्डी। महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार 22 मार्च को शाम करीब 7:17 बजे स्कूल परिसर के पास धूम्रपान करते पाए जाने पर पुलिस ने रामसिंह (उम्र 36 वर्ष), निवासी ग्राम भूताला के विरुद्ध राजस्थान धूम्रपान निषेध अधिनियम 2000 की धारा 9/11 के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई थाना धानमंडी के सहायक उप निरीक्षक कैलाशचन्द्र द्वारा की गई, जिसमें पुलिसकर्मी भीमराज भी मौजूद रहे।

## तेज आवाज में टेप बजाकर ध्वनि प्रदूषण, वल्लभनगर पुलिस की कार्रवाई

24 न्यूज अपडेट

वल्लभनगर। सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में टेप बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। घटना 22 मार्च को शाम करीब 4:25 बजे की है, जिसकी रिपोर्ट शाम 6:59 बजे दर्ज की गई। मामले में थाना वल्लभनगर की सहायक उप निरीक्षक सुनीता मीणा ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विजय (पिता जेसाराम मेघवाल, निवासी सिंसोदा) के खिलाफ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 4/6 के तहत प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मी महेन्द्र भी मौजूद रहे।

## अशोकनगर जैन मंदिर में चोरी, ताला तोड़कर नगदी व चांदी के छत्र ले उड़े बदमाश

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भूपालपुरा थाना क्षेत्र में अशोक नगर स्थित जैन मंदिर में देर रात चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और नगदी सहित चांदी के छत्र चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार घटना 21 मार्च को रात को 12 बजे बाद से सुबह 3 बजे के बीच न्यू अशोक नगर, 100 फीट शोभागपुरा रोड स्थित मंदिर में हुई। मामले में नरेंद्र कुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात आरोपियों ने मंदिर का ताला तोड़कर अंदर रखी नगदी और चांदी के छत्र चोरी कर लिए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 331(4), 305(ए) सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच राजेन्द्र कर रहे हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। बताया गया कि चांदी का छत्र करीब एक से डेढ़ किलो वजनी है। तिजोर से कितनी राशि गई इसकी गणना की जा रही है।

## मनोहरलाल जोशी को पीएचडी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 मार्च। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय अंतर्गत ज्योतिष एवं वास्तु विभाग के शोधार्थी मनोहरलाल जोशी को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। जोशी ने "खगोलीय स्थितियों का ज्योतिषीय फलादेश में महत्व" विषय पर विभागाध्यक्ष वास्तुज्योतिर्विद डॉ. अलकनंदा शर्मा के निर्देशन में अपना शोधकार्य पूर्ण किया। अपने शोध में उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि किसी प्राणी के जन्म के समय पृथ्वी से ग्रहों की दूरी, शर और क्रांति जैसे खगोलीय तत्व फलादेश के महत्वपूर्ण आधार होते हैं। शोधार्थी जोशी के अनुसार प्राचीन काल में इन खगोलीय मानकों का व्यापक उपयोग किया जाता था, लेकिन आधुनिक समय में इनका प्रयोग अपेक्षाकृत कम हो गया है। उनका मानना है कि यदि इन तत्वों को पुनः ज्योतिषीय गणना में समाहित किया जाए तो फलादेश की सटीकता और अधिक बढ़ सकती है।

## फर्जी टिकट रैकेट पर रेलवे की 'सर्जिकल स्ट्राइक', दो एटीवीएम फैसिलिटेटर गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली ब्यूरो। भारतीय रेलवे। फर्जी टिकट जारी कर रेलवे को चूना लगाने वाले रैकेट पर सख्त कार्रवाई करते हुए रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज मंडल में बड़ा ऑपरेशन चलाया। संयुक्त अभियान में दो एटीवीएम फैसिलिटेटर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार 21 मार्च 2026 को प्रयागराज से फर्जी टिकट जारी होने की सूचना मिलने पर रेलवे प्रशासन ने तत्काल जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए 21-22 मार्च की रात अधिकारियों ने तकनीकी और फील्ड स्तर पर गहन पड़ताल की, जिसमें संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि हुई। इसके बाद 23 मार्च को वाणिज्य विभाग और उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में गौरव पाण्डेय और विनय शुक्ला को फर्जी टिकट बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी बाहरी स्रोतों से फर्जी टिकट प्रिंट कराकर यात्रियों को बेच रहे थे, जिससे रेलवे को राजस्व का नुकसान हो रहा था। इस पूरे मामले में अन्य संदिग्धों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब तक की जांच में किसी भी रेलकर्मी की संलिप्तता सामने नहीं आई है। वहीं विजिलेंस टीम पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों या हेल्पलाइन पर दें, ताकि इस तरह की धोखाधड़ी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की ठगी, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नौकरी दिलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आशीष डबगर, निवासी आयड़ (थाना भूपालपुरा) ने रिपोर्ट दी कि आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर उससे 5 लाख रुपए ले लिए, लेकिन न तो नौकरी दिलाई और न ही राशि लौटाई। मामले में कनिष्क नकवाल, निवासी सिटी रेलवे स्टेशन के सामने को नामजद आरोपी बनाया गया है। घटना क्षेत्र रेलवे स्टेशन के आसपास का बताया गया है। थाना सूरजपोल पुलिस ने धारा 316(2), 318(2), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच तेजसिंह (एएसआई) द्वारा की जा रही है।

## बिना लाइसेंस गाइडिंग पर सख्ती, पर्यटन थाना ने कार्रवाई में कई युवक पकड़े

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पर्यटन स्थलों पर बिना लाइसेंस गाइडिंग कर पर्यटकों को परेशान करने वालों के खिलाफ पर्यटन थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से कई आरोपियों को पकड़ा है। सभी के खिलाफ राजस्थान पर्यटन व्यवसाय अधिनियम की धारा 13(1)(2) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 22 मार्च 2026 को होटल मान गली, रिलायंस मॉल के सामने और पेरागॉन गली सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना लाइसेंस गाइडिंग कर कमीशन के लालच में पर्यटकों को गुमराह करने के आरोप में कई व्यक्तियों को पकड़ा गया। कार्रवाई में राहुल (27), निवासी विराट नगर सेक्टर-14, मांगीलाल (22), निवासी ओम बन्ना मंदिर दक्षिण विस्तार योजना, शंकर कुमार (26), निवासी बलीचा, दिलशाद अहमद शेख (43), निवासी खांजीपीर तथा प्रेमचंद (25), निवासी डागियों का मोहल्ला को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के सतपाल सिंह, केसरलाल, नारायण लाल, रीनू, रेखा और हरिराम को जांच अधिकारी बनाया गया है। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पर्यटकों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत गाइड की ही सेवाएं लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## उदयपुर का जलवाः अरुण कटारिया बने इंटरनेशनल रैपिड शतरंज चैंपियन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के प्रतिभाशाली फिडे मास्टर अरुण कटारिया ने एक बार फिर शहर का नाम रोशन करते हुए उज्जैन में आयोजित फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8.5 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय यह प्रतियोगिता उज्जैन के कान्हा परिसर में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के 129 रेटेड खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में अनरेटेड खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतिम राउंड तक मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, लेकिन अरुण कटारिया ने लगातार बेहतरीन खेल दिखाते हुए शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में जय सवालखे (नागपुर) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मितांश दीक्षित (भोपाल) तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा वैभव तोमर (खंडवा) चौथे स्थान पर रहे, जबकि टॉप-10 में मोहित कुमार सोनी (बिहार), अजय विरवानी (इंदौर), अश्विन डेनियल (भोपाल), प्रखर बजाज (कटनी), रूपेश कांत (ग्वालियर) और मृदुहास त्रिपाठी (रतलाम) शामिल रहे। इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें 5 साल से लेकर 80 साल तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे खेल की विविधता और प्रतिस्पर्धा दोनों देखने को मिली।

## स्वरूप सागर घाट पर नंगी तलवार लहरा कर दशहत मचाई, पुलिस ने दबोचा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्वरूप सागर घाट पर राहगीरों को तलवार दिखाकर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। घटना 22 मार्च की दोपहर करीब 3:32 बजे की है। थानाधिकारी श्रीमती राजु देवी और जांच अधिकारी हेमेंद्रसिंह ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी पायजामा पहने हाथ में नंगी तलवार लेकर घाट क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था। इससे जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मतिन अहमद उर्फ चडवा अहमद (उम्र 21 वर्ष), निवासी बागर गली, हाथीपोल को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें सहायक उप निरीक्षक हरीश कुमार भी शामिल रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि कोर्ट में पेश करने पर आरोपी को 25 हजार के जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

## लवकुश स्टेडियम में 29 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता से होगा राज्य टीम का चयन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 मार्च। जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के तत्वावधान में 14वीं जिला जूनियर एवं सब जूनियर (पुरुष एवं महिला) क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 29 मार्च (रविवार) को लवकुश इनडोर स्टेडियम में किया जाएगा। संघ के सचिव विनोद साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 10वीं की मार्कशीट एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रतियां वजन के समय सुबह 9 बजे जमा करवानी होंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग में 23 वर्ष तक और सब जूनियर वर्ग में 18 वर्ष तक आयु के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर उदयपुर जिला टीम का चयन किया जाएगा, जो 4 से 5 अप्रैल तक अलवर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय 14वीं राजस्थान जूनियर एवं सब जूनियर क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। आयोजकों ने खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

# 16,398 किमी रेल ट्रैक पर सुरक्षा कवच, हाई-स्पीड रूट्स पर फेंसिंग से अतिक्रमण पर लगाम



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। ट्रेन संचालन को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में भारतीय रेलवे ने बड़े स्तर पर कदम उठाते हुए देशभर में 16,398 किलोमीटर रेल पटरियों के किनारे सुरक्षा घेराबंदी (फेंसिंग) का कार्य पूरा कर लिया है। यह पहल खास तौर पर उन मार्गों पर केंद्रित है, जहां ट्रेनों की गति 110 किमी प्रति घंटे से अधिक रहती है और अतिक्रमण की आशंका बनी रहती है। रेलवे के अनुसार, फेंसिंग का मकसद न सिर्फ ट्रैक पर अवैध प्रवेश रोकना है, बल्कि मवेशियों, पैदल यात्रियों और छोटे वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही को नियंत्रित कर हादसों में कमी लाना भी है। इसके साथ ही जरूरत के मुताबिक पैदल यात्री सबवे भी विकसित किए जा रहे हैं, ताकि सुरक्षित पारगमन सुनिश्चित हो सके। जोनवार आंकड़ों पर नजर डालें तो उत्तर मध्य रेलवे सबसे आगे है, जहां 2,721 किमी फेंसिंग की जा चुकी है। इसके बाद दक्षिण मध्य रेलवे में 2,326 किमी और पश्चिमी रेलवे में 2,257 किमी सुरक्षा घेराबंदी का कार्य पूरा हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे में 1,539 किमी और पश्चिम मध्य रेलवे में 1,415 किमी फेंसिंग दर्ज की गई है, जबकि अन्य जोनों में भी चरणबद्ध तरीके से काम जारी है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के व्यस्त लोनावला–पुणे–दौंड रेलखंड पर 209.38 करोड़ की लागत से व्यापक सुरक्षा परियोजना संचालित की जा रही है। इस परियोजना के तहत कुल 290 किमी में फेंसिंग और पैदल यात्री सबवे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें से करीब 150 किमी का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष हिस्से पर काम प्रगति पर है और पूरी लंबाई के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। रेलवे का मानना है कि इस तरह की संरचनात्मक सुरक्षा व्यवस्था से न केवल ट्रेनों की रफ्तार और समयबद्धता बनी रहेगी, बल्कि अनियंत्रित क्रॉसिंग से होने वाली दुर्घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है और संवेदनशील रेलखंडों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# थाने में पिटाई के आरोप पर बवालः विधायक गणेश घोघरा धरने पर, पुलिस पर कार्रवाई की मांग



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में युवक से कथित मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक गणेश घोघरा पीड़ित युवक और उसके परिजनों के साथ थाने के बाहर धरने पर बैठ गए और पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, शिशोद फला वागदरी निवासी नेपाल पुत्र पूजा गौड़ ने 18 मार्च को अपने भाई कालू गौड़ के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि महेंद्र होता नामक युवक उसे गुजरात के नडियाद मजदूरी के लिए ले गया था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुलिस महेंद्र होता को थाने लेकर आई थी। परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के दौरान पुलिस ने महेंद्र के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस घटना के विरोध में विधायक गणेश घोघरा समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि मामले में नया मोड़ तब आया जब 21 मार्च को लापता युवक कालू गौड़ सकुशल घर लौट आया। बताया जा रहा है कि वह किसी अन्य स्थान पर काम करने चला गया था। इसके बावजूद, थाने में मारपीट के आरोप को लेकर विवाद जारी है और मामला अब राजनीतिक रूप लेता नजर आ रहा है।

# गणगौर पूजन को जाते वक्त लूटी चैन का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर शाहरूख गिरफ्तार; दो साथी फरार

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। शहर में गणगौर पर्व के दौरान हुई चैन स्नेचिंग की वारदात का कोतवाली थाना पुलिस ने महज तीन दिन में खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी शाहरूख उर्फ दाढ़ी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो अन्य साथियों को नामजद कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 19 मार्च को एक महिला ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपनी देवरानी के साथ गणगौर पूजन के लिए स्कूटी से अग्रसेन मांगलिक भवन जा रही थी। रास्ते में आयकर विभाग कार्यालय के पास मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चैन छीन ली और फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरिता सिंह (एएसपी) के निर्देशन और बृजेश सिंह (डीएसपी) के सुपरविजन में थानाधिकारी तुलसीराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे कोटा से डिटेन किया, जहां पूछताछ में उसने वारदात कबूल कर ली। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसी दिन हजारेश्वर महादेव मंदिर के पास एक अन्य महिला से भी चैन स्नेचिंग की गई थी, जिसकी अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस इस मामले में भी जानकारी जुटा रही है। प्रकरण में इम्तियाज और सलमान को नामजद किया गया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, आबकारी और आर्म्स एक्ट सहित करीब 15 मामले दर्ज हैं और वह कुछ माह पहले ही जेल से रिहा हुआ था। कार्रवाई में थानाधिकारी तुलसीराम के साथ जितेन्द्र सिंह, प्रहलाद, राजकुमार और हरिराम की टीम शामिल रही।

## शहीद दिवस पर लखावली में श्रमदान, युवाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहीद दिवस के अवसर पर 'मेरा युवा भारत' उदयपुर के तत्वावधान में लखावली स्थित भैरुजी मंदिर परिसर में दो दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक राजू कुंवर चौहान के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओम अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि भवानी शंकर व विवेक बोरा उपस्थित रहे। अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। श्रमदान के तहत मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिला, पुरुष और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ओम अग्रवाल ने बच्चों से सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले युवाओं को 11 टी-शर्ट पुरस्कार स्वरूप वितरित किए। संयोजक राजू कुंवर चौहान ने बताया कि युवा केंद्र की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर पदयात्रा भी निकाली गई और सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण बचाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को अल्पाहार वितरित किया गया। आयोजकों ने इस पहल को समाज सेवा और जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## 27 मई महाराज शक्ति सिंह की 484 वीं जयंती उदयपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी

24 न्यूज अपडेट

महाराज शक्ति सिंह स्मारक समिति व प्रताप शक्ति सेवा संस्थान की कोर कमेटी की बैठक का आयोजन भींडर राजमहल में पूर्व विधायक महाराज रणधीर सिंह जी भींडर की अध्यक्षता में आयोजित की गईं, बैठक में सर्वसम्मति इस वर्ष महाराज शक्ति सिंह की 484 वीं जयंती का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा, महाराज शक्ति सिंह जयंती की शुरुआत 2024 में भींडर राजमहल से हुईं थी उसके बाद 2025 में चित्तौड़गढ़ में भव्य समारोह के रूप में मनाई गईं थी,बैठक में इस वर्ष सर्वसमाज को आमंत्रित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया, महाराज शक्ति सिंह महाराणा प्रताप के छोटे भाई थे जिनका जन्म हिन्दू कैलेंडर के अनुसार विक्रम संवत ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया 1599 को हुआ था जिस दिन अंग्रेजी वर्ष के अनुसार 27 मई 1542 तारीख थी,हिन्दू तिथि के अनुसार महाराणा प्रताप व महाराज शक्ति सिंह का जन्म ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया को एक ही दिन हुआ था, इस कारण कमेटी ने 27 मई अंग्रेजी तिथि को महाराज शक्ति सिंह जयंती मनाने का निर्णय लिया, महाराज शक्ति सिंह का मेवाड़ के इतिहास में अतुलनीय योगदान है, 1567-68 में अकबर के चित्तौड़ पर आक्रमण करने की सुचना सर्वप्रथम महाराज शक्ति सिंह ने दी थी जिसके परिणामस्वरूप मेवाड़ राजपरिवार सुरक्षित रहा सका, हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप का पीछा कर रहे खुरासान-मुल्तान दो मुग़ल सैनिकों को मारकर महाराज शक्ति सिंह ने प्रताप की रक्षा की व स्वयं का घोड़ा देकर महाराणा प्रताप को सकुशल युद्ध क्षेत्र से बाहर निकलने में भी मदद की, बैठक में प्रणवीर सिंह भींडर,ठाकुर ऋतूराज सिंह ओछडी, दिलीप सिंह रुद, वैभवप्रताप सिंह पांसल, अरविंद सिंह खोड़ियाखेड़ा, खुशपाल सिंह नरधारी,ऋषिराज सिंह नाहरगढ़, हिम्मत सिंह रठाजना,वीरेंद्र सिंह भावलिया,महिपाल सिंह खेता खेड़ा,श्रीपालसिंह किशन करेरी, देवनारायण सिंह पछोकड़ा हवेली, जीवनपाल सिंह सिंहाड़ आदि उपस्थित थे।

## जन आक्रोश रैली के लिए उदयपुर से लाल काफिला रवाना, 300 से अधिक कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) की प्रस्तावित जन आक्रोश रैली को लेकर उदयपुर और डूंगरपुर से पार्टी कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली के लिए रवाना हुआ। पार्टी के अनुसार 24 मार्च को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने के लिए 300 से अधिक कार्यकर्ता चेतक एक्सप्रेस और मेवाड़ एक्सप्रेस से प्रस्थान कर चुके हैं। माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने बताया कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, निजीकरण और साम्प्रदायिकता जैसे मुद्दों के खिलाफ यह रैली आयोजित की जा रही है। इसके लिए पार्टी ने देशभर में जन आक्रोश जत्थों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि उदयपुर और डूंगरपुर में केंद्रीय नेतृत्व से अमराराम और बृंदा करात ने आमजन से संपर्क किया, वहीं चित्तौड़गढ़, राजसमंद और प्रतापगढ़ जिलों में राज्य स्तर के नेताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को रैली में शामिल होने का आमंत्रण दिया। रैली में श्रमिकों, किसानों और आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इनमें लेबर कोड वापस लेने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, स्कीम वर्कर्स को स्थायी करने, पुरानी पेंशन योजना (OPS) लागू करने, महंगाई पर नियंत्रण, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम घटाने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक, एमएसपी की गारंटी, बिजली संशोधन बिल वापस लेने, मनरेगा में कार्य दिवस और मजदूरी बढ़ाने सहित कई मांगें शामिल हैं। पार्टी के अनुसार रैली को महासचिव एम. ए. बेबी सहित अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

# आवासीय शिविर निखार रहा तैराकी की प्रतिभाएं, तरणताल पर सीखा तकनीक और अनुशासन का संगम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान सरकार की पंच गौरव योजना के तहत "एक जिला एक खेल" पहल में महाराणा प्रताप खेलगांव तरणताल में आयोजित आवासीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता और फिटनेस पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का संचालन जिला कलक्टर नमित मेहता और उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन के निर्देशन में किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में खिलाड़ियों को खेल गतिविधियां, योग और तैराकी की बारीकियों की जानकारी दी गई। इस दौरान पूर्व महापौर रजनी डांगी और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर से खेल प्रबंधक नरेन्द्र भूरिया ने शिविर का अवलोकन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली। पूर्व महापौर रजनी डांगी ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें अपने-अपने गांवों में जाकर सीखी गई तकनीकों का निरंतर अभ्यास करने और पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिविर की पहल की सराहना करते हुए तैराकी खेल को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने वंदे मातरम का जयघोष भी करवाया व जीवन में सदा सकारात्मक रहने की सीख दी। शिविर के सांयकालीन सत्र में खिलाड़ियों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर बैक स्ट्रोक और अन्य तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण में अनिल कुमावत, सुनील कुमावत, सुनील नकवाल, संदीप सोनी, धरमवीर, नेहा कुमावत, राजेश चौहान और दिलीप पुरोहित ने खिलाड़ियों को फ्री स्टाइल और बैक स्ट्रोक की ट्रेनिंग दी। इस दौरान सभी तैराकों को खेल पोशाक के रूप में लोअर, टी-शर्ट, जूते और मोजे भी वितरित किए गए। शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों के उत्साह और प्रदर्शन को देखते हुए इसे तैराकी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# सिंधी होली कप-4' का आगाज़, पहले दिन 'गैजेट हब' का डबल धमाका, शुभलक्ष्मी मार्बल भी चमकी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सिंधी समाज में खेल और उत्साह का माहौल बनाने वाली डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता 'सिंधी होली कप सीजन-4' का रविवार को शिकारबाड़ी ग्राउंड में रंगारंग शुभारंभ हुआ। सिंधी यूथ संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग ले रही हैं और पहले ही दिन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। संगठन के शैलेश कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर फूल सिंह मीणा (उदयपुर ग्रामीण विधायक), ताराचंद जैन (शहर विधायक), प्रताप राय चुग (अध्यक्ष, झूलेलाल सेवा समिति), हरीश राजानी (अध्यक्ष, जेएसपी पंचायत) और उमेश मनवानी (अध्यक्ष, प्रतापनगर पंचायत) मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के जरिए समाज को एकजुट करने की पहल की सराहना की। संगठन के भारत छाबड़ा ने बताया कि पहले दिन कुल पांच मुकाबले खेले गए। पहले मैच में 'द गैजेट हब' ने 'श्री हरदेव' को 7 विकेट से हराया, जिसमें नितिन सोभवानी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में 'शुभलक्ष्मी मार्बल' ने 'मोहन ट्रेडिंग' को 16 रन से हराया, जहां सुमित हीरानंदानी मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में 'सपरा एंटरप्राइजेज' ने 'राजू कैसेट' को 6 विकेट से हराया, जिसमें नीलेश उदानी ने शानदार प्रदर्शन किया। चौथे मैच में '24 न्यूज' ने 'फ्रेन्जी ग्रुप' को 7 विकेट से हराया और गीत माटा मैन ऑफ द मैच बने। पांचवें मुकाबले में 'द गैजेट हब' ने 'संकल्प रियल एस्टेट' को 5 विकेट से हराकर दिन में दूसरी जीत दर्ज की, जहां एक बार फिर नितिन सोभवानी छाए रहे। संगठन की अमन असनानी ने बताया कि आयोजन के दौरान किशोर सिधवानी, हरीश सिधवानी, भारत खत्री और अभिषेक कालरा सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। वहीं संगठन के पदाधिकारी आशीष सिधवानी ने बताया कि होली और चेटीचंड के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच पर लाना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। आगामी दिनों में भी टूर्नामेंट में कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

## राजस्थान विद्यापीठ में बीएसए क्रिकेट अकादमी का भव्य शुभारंभ, अकादमी के माध्यम से तैयार होंगे देश के भविष्य के सितारे - प्रो. सारंगदेवोत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 23 मार्च / राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के प्रतापनगर स्थित महाराणा प्रताप खेल मैदान पर सोमवार को खेल और शिक्षा के संगम का एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बीएसए क्रिकेट अकादमी का भव्य उद्घाटन कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, विश्वास संस्थान के निदेशक शेखर कुमार, यदुराज सिंह कृष्णावत, पूर्व रणजी खिलाडी चन्द्रपाल सिंह ने पंडित रमेश आचार्य के मंत्रोच्चार के साथ पुजा अर्चना कर फीता काट कर किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि क्रिकेट राजा महाराजाओं का खेल हुआ करता था लेकिन आज यह खेल खेलों का राजा है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों का समावेश ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को पूर्ण बनाता है। उन्होंने कहा आज का यह दिन केवल एक अकादमी के उद्घाटन का नहीं, बल्कि युवा सपनों को उड़ान देने का है। यह क्रिकेट अकादमी न केवल खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करेगी, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना जैसे जीवन मूल्यों को भी विकसित करेगी। विश्वविद्यालय में आने वाले सामय में अन्य खेलों की अकादमियों की स्थापना भी की जाएगी। किसी भी राष्ट्र की उंचाई खेलों से आकी जाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना भी है। इस अकादमी के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक पिच, फिटनेस सुविधाएं और अनुभवी कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने इस पहल को "खेल संस्कृति के पुनर्जागरण" की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि करियर निर्माण और राष्ट्र गौरव का सशक्त जरिया बन चुका है।

पूर्व रणजी खिलाडी एवं राजस्थान अंडर 23 के कोच चन्द्रपाल सिंह ने अकादमी की जानकारी देते हुए बताया कि प्रोफेशनल क्रिकेट पिच, अत्याधुनिक ट्रेनिंग उपकरण, फिटनेस सेंटर और नियमित टूर्नामेंट आयोजन कर विश्व स्तर के खिलाडी तैयार किए जायेगें। इस मौके पर प्रो. युवराज सिंह राठौड, करण सिंह, यशवंत पालीवाल सहित बड़ी संख्यॉ में शिक्षाविद् शहर के गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों ने शिरकत की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।